हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 1 जनवरी 2024

04 परिवहन विभाग अमले ने कार्रवाई कर वसूला...



08 विकसित भारत 2047 आइडिया पोर्टल को...





## खबर संक्षेप

### पूर्व नपाध्यक्ष आज करेंगे अनाज का वितरित

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी पूर्व नपाध्यक्ष एवं समाजसेवी राकेश राय के द्वारा नए साल का स्वागत गरीबो और जरूरतमंदों को अनाज वितरण कर किया जाएगा। सोमवार को सुबह ग्यारह बजे अनाज का वितरण किया जाएगा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राकेश राय मित्र मंडल के द्वारा सोमवार को अनाज वितरण कार्यक्रम मेन रोड स्टेट बैंक के सामने स्थित कार्यालय पर किया जाएगा। इस मौके पर अनाज का वितरण जाएगा। वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व नपाध्यक्ष श्री राय पिछले करीब 25 से अधिक सालों से नए साल का स्वागत अपने विशेष अंदाज में करते हैं। राय हर साल एक जनवरी को सुबह 11 बजे गरीबों को अनाज का वितरण करते हैं। अनाज वितरण भिक्षा मांगने वालों के साथ जरूरतमंदों को किया जाएगा। पूर्व में श्री राय ने निर्धन विद्यार्थियों को कापी किताब कई बार वितरित किए। उनकी यह निस्वार्थ समाजसेवा पूरे साल जारी रहती है। जानकारी के अनुसार सोमवार को सुबह ग्यारह बजे हर साल की तरह यह आयोजन शहर के मेन रोड स्थित श्री राय के कार्यालय पर किया जाएगा।

### नियम विरूद्ध चल रहे वाहनों पर की कार्रवाई

**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग एवं ट्रैफिक पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से वाहन चैकिंग की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान बिना परमिट, बिना फिटनेस, ओवरलोडिंग व नियम विरुद्ध चलने वाले वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कुल 73 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया गया। जिला परिवहन अधिकारी रितेश तिवारी ने बताया कि कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### पचामा के देवी मंदिर और दरगाह पर आज होगा भंडारा, हजारों श्रद्धालु होंगे शामिल

# नए साल पर श्रद्धालु टेकेंगे माथा : कुबरेश्वर धाम सलकनपुर, चिंतामन गणेश मंदिर पर लगेगा मेला

प्रसिद्ध गणेश मंदिर पर भोपाल, विदिशा, रायसेन, शाजापुर और आसपास के जिलों से श्रद्धालु यहां दर्शन करने आएंगे। इसी तरह सलकनपुर के विजयासन देवी के दर्शन करने भी बड़ी संख्या में लोग आते हैं।





**सीहोर।** कुबरेश्वरधाम पर शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।



**सीहोर।** सलकनपुर में नए साल पर हजारों श्रद्धालुओं आएंगे दर्शन करने।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नए साल के पहले दिन एक जनवरी को प्रसिद्ध चिंतामन गणेश, कुबरेश्वरधाम, सलकनपुर मंदिर पर मंदिर पर हजारों श्रद्धालु सुख समृद्धि की कामना करेंगे। वहीं पचमा स्थित देवी मंदिर और दरगाह पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस भंडारे में हजारों लोग शामिल होंगे। इस स्थान पर पिछले 29 सालों से नए साल की एक जनवरी को भंडारे का आयोजन कि या जाता है। प्रसिद्ध चिंतामन गणेश मंदिर में भी नए साल पर बढ़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे। यहां एक दिवसीय मेले का आयोजन कि या जाता है। हजारों श्रद्धालु भगवान गणेश के दर्शनों के लिए साल के पहले दिन आते हैं। इसके अलावा कुबरेश्वरधाम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचेगें। कुबरेश्वरधाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। वैसे तो हर रोज यहां पर हजारों लोग दर्शन करने आते हैं लेकिन साल के इन आखिरी दिनों में भीड़ बढ़ने लगी है। रविवार को बड़ी संख्या में यहां पर बडी संख्या में लोग पहुंचे थे। मंदिर प्रांगण में श्रद्धालु ही दिखाई दे रहे थे। यहां पर खड़े होने की भी जगह नहीं दिखाई दे रही थी। कई श्रद्धालु रुद्राक्ष लेने आ रहे हैं तो कुछ यहां पर दर्शन के लिए कतार में लगे थे।

#### नए साल में बड़ी संख्या में आएंगे श्रद्धालु


नया साल शुरू होने जा रहा है। इसलिए काफी दूर से लोग कुबरेश्वरधाम यहां पर दर्शन करने आएंगे। अभी से यहां पर श्रद्धालुओं की भीड़ होने लगी है। रेलवे स्टेशन पर काफी भीड़ देखी गई। यहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रेनों से उतरे। सोमवार को आने वालों की और भीड़ रहेगी।

#### सलकनपुर देवी धाम और गणेश मंदिर में भी होती है भीड़

प्रसिद्ध गणेश मंदिर में भी साल के पहले दिन काफी भीड़ रहती है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, शाजापुर और आसपास के जिलों से श्रद्धालु यहां दर्शन करने आते हैं। इसके लिए यहां पर भी तैयारियां की जा रही हैं। इसी तरह सलकनपुर के विजयासन देवी के दर्शन करने भी बड़ी संख्या में लोग आते हैं। यहां पर भी काफी श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है।

#### वार्ड 11 के मंदिर और बाबा की दरगाह पर होगा भंडारा

प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी समाज सेवी रामदुलारे सोनकर के द्वारा आज दिनांक 01 जनवरी, दिन सोमवार को दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक स्थानीय वार्ड क्रं.11 की अम्बेडकर धर्मशाला के सामने माताजी के मंदिर एवं पीर बाबा की दरगाह पर भण्डारे का आयोजन रखा जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, सीताराम यादव, सतीष राठौर, रूद्रप्रकाश राठौर, नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर प्रमुख रूप से उपस्थित रहेगें। भण्डारा आयोजन समिति के अध्यक्ष दीपक सोनकर सहित तत्कालीन पार्षद नरेन्द्र खंगराले, श्याम सोनकर, पूर्व पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले, आशा गुप्ता, सावित्री बाई सोनकर, मीना सोनकर, चंदा बाई सोनकर, नीतु सोनकर, रूकमणी यादव, निलम यादव, हरदा वाली अम्मा, पप्पु धाड़ी, सुनील धाड़ी, आयोजन समिति अध्यक्ष दीपक सोनकर, सीताराम भारती, हरीश कौशल, पूर्व पार्षद माखन परमार, दिलीप सोनकर, विमल सोनकर, राहुल सोनकर, मोनू सोनकर, जीवन सोनकर, सोनू सोनकर, भरत सोनकर, धर्मेन्द्र सोनकर, शेखर सोनकर, राजु यादव आदि ने कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।



**सीहोर।** पचामा स्थित देवी मंदिर पर आज होगा भंडारा।

## रामलला प्राणप्रतिष्ठा के ऐतिहासिक पर्व पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करने बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री नवदुर्गा उत्सव समिति कोतवाली चौराहा के तत्वाधान में आयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम-जानकी प्राण प्रतिष्ठा के शुभावसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करने हेतु बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर के गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए निर्णय लिया कि उक्त गरिमामय ऐतिहासिक पर्व पर धार्मिक अनुष्ठान किये जायेगें एवं जुलुस के माध्यम से पुरे नगर में उत्सव मनाया जावेगा।

उक्त आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय के नेतृत्व में सम्पन्न होगा। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थितजनों में अतुल राठौर काका, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष दीपक शर्मा, हरीश त्यागी, साहू समाज अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, सेन समाज अध्यक्ष तुलसीराम काका, कमोद सेन, प्रवीण तिवारी, सुदीप व्यास, हरिसिंह पँवार, रमेश, मृदुल, लक्ष्मी नारायण कुशवाह, परमवीर सिंह सिन्धु, राजेन्द्र चौधरी, राजु कौशल, संतोष व्यास, दिलीप साहू, नवनीत तलरेजा, मनोज शर्मा, मुकेश राठौर, राकेश राठौर, विनोद कुशवाह, योगेश रायकवार, ओम गोगिया, राज साहू, अंकित व्यास, विशाल ठाकुर, दीपक गुप्ता, साहू समाज मीडिया प्रभारी धीरज साहू, रवि शर्मा, आनंद शर्मा, उदित त्यागी, मनोहर राठौर, पवन गुप्ता, हरिसिंह पंवार, अर्जुन सोनी, दशरथ गुप्ता, अक्षय जैन, नंदकिशोर जायसवाल, ब्रजेश पारासर, राजेश शर्मा सहित गणेश उत्सव समिति के महासचिव अमन दुबे, दीपक गुरोंदिया, समिति के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में पधारे सभी अतिथियों का आभार समिति अध्यक्ष प्रदीप त्यागी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर महेन्द्र पुरी, संजय प्रजापति द्वारा सहभोज व्यवस्था का निर्वहन किया गया। इस मौके पर डीएसपी पद पर चयनित आशुतोष त्यागी का समिति के वरिष्ठ संरक्षक अखिलेश राय द्वारा सममान किया गया।



## यौन शोषण के आरोप में जमानत पर रिहा आरोपी ने नाबालिग का अपहरण कर किया था दुत्कृष्य, कोर्ट ने सुनाई 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सनसनीखेज प्रकरण में यौन शोषण के आरोप में जमानत पर रिहा आरोपी ने नाबालिग बालिका का अपहरण कर बलात्संग करने पर कोर्ट ने आरोपी को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। यह फैसला विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अभिलाष जैन ने सुनाते हुए आरोपी शाहरूख खॉ पिता नोशे खॉ निवासी ग्राम समापुर इछावर जिला सीहोर को धारा 376/3 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

विशेष लोक अभियोजक केदार सिंह कौरव ने बताया कि घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पीडि1ता ने अपनी मां एवं चाइल्ड सीहोर के टीम मेम्बर के साथ थाना इछावर में चाइल्ड लाइन सीहोर काउंसलिंग रिपोर्ट लाकर पेश की जिसके अनुसार दिनांक 11 अक्टूबर 2020 को आरोपी शाहरूख द्वारा पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना इछावर में पूर्व से बलात्संग की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई गई थी, जिसमें आरोपी को लगभग 01 माह बाद उच्च न्यायालय द्वारा बलात्संग के आरोप में जमानत पर रिहा कर दिया गया। उसके बाद आरोपी ने दिनांक 31-दिसंबर 2020 को बालिका के घर के पीछे से आकर बालिका का मुंह दबाकर अपहरण कर ले जाने के बाद उसके साथ यौन शोषण किया गया। इस दौरान बालिका को धमकी दी के अगर किसी को बताया तो जान से खत्म कर दूंगा। पीड़िता की उक्त रिपोर्ट पर से थाना इछावर में आरोपी के विरूद्ध धारा 363, 376, 506 भादवि 5/6 पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीवद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई और आरोपी को गिरफ्तार कर सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

मामले को पुलिस अधीक्षक सीहोर द्वारा जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण के रूप में चिन्हित कराया जाकर लगातार मॉनिटरिंग की गई। अभियोजन द्वारा आरोपी के तर्कों का मौखिक एवं दस्तावेज साक्ष्य व सर्वोच्च न्यायालय के न्याय दृष्टांतों को प्रस्तुत करते हुए उनका खंडन कराया गया और पीड़िता की चोटों को गंभीर होना प्रमाणित किया गया। साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होते हुए विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट द्वारा आरोपी को दोषी पाते हुए धारा 376/3 भादवि में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। जिला अभियोजन अधिकारी अनिल बादल द्वारा बताया गया कि जिला सीहोर में जघन्य एवं सनसनीखेज श्रेणी के चिन्हित मामलों में वर्ष 2023 की यह उन्नीसवी दोषसिद्धि है।



### केपीएल के फाइनल में उज्जवल ने खेली 44 गेंद पर 86 रन की मैच विनिंग पारी

# केपीएल फाइनल मैच में इलेवन ऑल राउंडर बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर रविवार को खेले गए केपीएल के फाइनल मैच में उभरते उज्वल पालीवाल ने अपनी धमाकेदार पारी से सनसनी मचा दी। क्रिसेंट डायनेमिक के खिलाफ फाइनल मैच में उज्वल ने अपने बल्ले से आग उगलते हुए मात्र 44 गेंद पर सात चौके और पांच छक्के की मदद से 86 रन की अर्धशतकीय ताबड़तोड़ पारी खेली। उनकी इस विस्फोटक पारी के दम पर इलेवन आल राउंडर ने 56 रन के विशाल अंतर से क्रिसेंट डायनेमिक को हराया।

इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी सतीश चंद्र फैरी, विशेष अतिथि हरि सोनी, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, सुरेन्द्र रल्हन, वीरु वर्मा, नीरज चौरसिया, नवनीत तोमर, आशीष शर्मा, मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य ने विजेता टीम सहित इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। रविवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी इलेवन आल राउंडर की शुरूआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरे आदित्य अग्रवाल को क्रिसेंट की ओर से गेंदबाजी करते हुए तेज गेंदबाज चेतन मेवाड़ा ने चार रन और साथी खिलाड़ी जितेन्द्र जायसवाल को पांच रन पर निशांत ने पैवेलियन भेज दिया। इसके बाद क्रीज पर उतरे कप्तान गौरव पिचोनिया ने 17 गेंद पर 12 रन और उरेश भारती ने 40 गेंद पर 35 रन की शानदार पारी खेली। कप्तान गौरव के आउट होने के बाद पिच पर उतरे उज्वल पालीवाल ने 44 गेंद पर 86 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 168 का विशाल स्कोर खड़ा किया। इधर क्रिसेंट डायनेमिक की ओर से गेंदबाजी करते हुए फरहान ने चार ओवर में 33 रन देकर दो विकेट, चेतन मेवाड़ा ने चार ओवर में 20 रन देकर एक विकेट, निशांत ने दो ओवर में 14 रन देकर एक विकेट के अलावा विशांक शिंदे ने चार ओवर में 33 रन देकर दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्रिसेंट डायनेमिक की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर मात्र 112 रन ही बना सकी। इलेवन आल राउंडर के घातक गेंदबाज अभय प्रजापति ने शुरूआती तीन विकेट नीरज 13 रन, राहुल को शून्य और टीम के कप्तान को पांच रन के निजी स्कोर पर आउट कर तगड़ा झटका दिया। इसके बाद राज कुशवाहा ने 33 रन, अंशु सोनी ने 20 रन और चेतन मेवाड़ा ने 20 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेलकर सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। इलेवन की ओर से अभय प्रजापति ने चार ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट, अबू वाकर, शाहिद और गौरव पिचोनिया ने एक-एक विकेट हासिल किए।

इन खिलाडिय़ों ने किया शानदार प्रदर्शन डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि लगातार एक सप्ताह से अधिक चले आईपीएल की तर्ज केपीएल ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता में चार टीमों को शामिल किया गया था। इसमें फाइनल मैच का मैन आफ द पुरस्कार उज्वल पालीवाल, मैन आफ द सीरिज का पुरस्कार आदर्श राय को दस विकेट और 252 रन, सर्व श्रेष्ट गेंदबाज का पुरस्कार अभय प्रजापति को जिन्होंने सात मैच में 12 विकेट लिए के अलावा सर्व श्रेष्ठ बल्लेबाज के रूप में छह मैच में 290 रन बनाने वाले विस्फोटक बल्लेबाज अतुल कुशवाहा को दिया गया। अतिथियों ने मदन कुशवाहा, नागेन्द्र व्यास, कैन्हया यादव को भी विशेष पुरस्कार प्रदान किया।



## मुस्लिम महासंघ प्रदेशाध्यक्ष खान का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड मतों से सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सलाउद्दीन सैफी के द्वारा शनिवार को नई दिल्ली स्थित कार्यालय में पसमांदा मुस्लिम महासंघ प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान का शॉलश्रीफल भेंटकर पुष्प मालाऐं पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेशाध्यक्ष खान के द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शहाबुद्दीन अब्बा को फूल मालाऐं पहनाई गई।

प्रदेशाध्यक्ष खान ने प्रदेश के राजनीतिक घटनाक्रमों और केंद्र सरकार की योजनाओं से पसमांदा मुस्लिम समाज के नागरिको को मिल रहे लाभ और आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर प्रदेश में पसमांदा मुस्लिम महासंघ के जिलाध्यक्षों के द्वारा की जा रही तैयारियों सहित प्रदेश में भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, मदरसा शिक्षा बोर्ड, वक्फ प्रदेश कमेटी के द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्यो से भी राष्ट्रीय अध्यक्ष सलाउद्दीन सैफी से विशेष चर्चा की। इस दोरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सलाउद्दीन सैफी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है हम सबको मिलकर देश में अमन शांति कायम रखते हुए लोकसभा चुनावों में भी भाजपा सांसद प्रत्याशियों को विजय बनाना है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर भाजपा नेता एवं पसमांदा मुस्लिम महासंघ कार्यकर्तागण मौजूद रहे।



खबर संक्षेप

## शासकीय वाहन चालक दशरथ बंजारे सेवानिवृत्त



**देवास।** पशु चिकित्सालय में पदस्थ शासकीय वाहन चालक दशरथ बंजारे शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। बंजारे को खुली जीप में बैठाकर बैण्ड बाजे व डीजे साथ जुलूस निकाला गया। अनेक स्थानों पर उनका पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत कर आतिशबाजी की गई। मप्र शासकीय वाहन चालक/यांत्रिक कर्मचारी संघ जिला शाखा देवास जिलाध्यक्ष अशोक सोनी के नेतृत्व में सेवानिवृत्त बंजारे का शाल ओढ़ाकर, साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत कर बधाई दी। सोनी ने बताया कि बंजारे ने ईमानदारी एवं पूर्ण निष्ठाभाव के साथ अपना कार्यकाल पूरा किया। जिन शासकीय विभागों में उन्होंने अपनी सेवाएं दी। 35 वर्ष शासकीय वाहन चालक की सेवा श्री बंजारे सेवानिवृत्त हुए। इस दौरान उपाध्यक्ष विक्रम सिंह दंशोदी, लेखराज मीणा, कमलेश अवस्थी, कृष्णाजीराव गोंदकर, दिनेश पाटील, महेन्द्र सिंह तोमर, रामचंद्र यादव, गणेश राठौर, रसूल खान, बाबूलाल कुमावत, अरविंद तोमर, सुभाष पटेल, अहिरराव दिवाकर, नरेन्द्र वंजरे, आरिफ खान, ओमप्रकाश भार्गव, नरेन्द्र यादव, जगदीश, नरेन्द्र पटेल, नियाज खान, इकबाल पठान, रवि योगी, राजेन्द्र, सोनू श्रीवास, कैलाश राठौर, धर्मेन्द्र सिंह आदि ने श्री बंजारे का स्वागत कर बधाई दी।

टंकी निर्माण स्थल को लेकर ग्रामीणों में चल रही खींचातानी

# कमलापुर का मामला: स्थल चयन में उलझा पेयजल टंकी का निर्माण कार्य

ग्रामीणों कि आपत्ति के पश्चात अभी निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा, अधर में लटका निर्माण कार्य




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत कमलापुर में भी पेयजल योजना स्वीकृत हुई है, जिसके अंतर्गत निर्माण कार्य कमलापुर में किया जा रहा है। इस दौरान पेयजल योजना के अंतर्गत पानी टंकी का भी निर्माण होना है। लेकिन टंकी निर्माण स्थल को लेकर ग्रामीणों में खींचातानी चल रही है, हालांकि पंचायत द्वारा पुराने शासकीय अस्पताल परिसर में टंकी निर्माण के लिए सहमति दी गई है। जिसके बाद ठेकेदार द्वारा यहां पर टंकी निर्माण के लिए गड्ढा भी खोदा गया है।

लेकिन ग्रामीणों कि आपत्ति के पश्चात यहां पर अभी निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतर ग्रामीण जन पुरानी पुलिस चौकी भवन परिसर में टंकी निर्माण की मांग कर रहे हैं, हालांकि जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा जहां पर गड्ढा खोदा गया है वहां पर निर्माण की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार पुरानी चौकी भवन मैदान में गहरी मिट्टी होने के कारण टंकी का बेस मजबूत न बनने का भी कारण बताया जा रहा है, और जहां पर टंकी के लिए गड्ढा खोदा गया है यहां पर पक्की मुरम की जगह होने के कारण यहां पर टंकी निर्माण के लिए उचित जगह बताई जा रही है। शनिवार के दिन कमलापुर में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए बागली विधायक मुरली भंवरा को भी ग्रामीणों ने इस समस्या से अवगत कराया है। वही भंवरा ने आश्वासन दिया है कि दोनों जगह की स्थिति को समझ कर सभी से चर्चा करने के बाद निर्णय लिया जाएगा। हालांकि टंकी निर्माण का कार्य अभी रूका हुआ है, लंबे समय से इस का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण योजना का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। हालांकि तर्क यह भी लगाया जा रहा है, कि जहां पर वर्तमान में टंकी के लिए गड्ढा खोदा गया है, वहां पर पुरानी टंकी बनी हुई है, और कमलापुर के ऐसे कुछ मोहल्ले हैं जहां पर आज भी टंकी का पानी नहीं चढ़ता है, पुरानी चौकी भवन की ऊंचाई होने के कारण वहां पर पानी का लेवल अच्छा होने का अनुमान लगाया जा रहा है, जिससे कि जहां पानी नहीं पहुंच पा रहा है वहां भी पानी पहुंच सकता है।

इसलिए ग्रामीणों की मांग है की पुरानी चौकी भवन मैदान में इस नई टंकी का निर्माण किया जाए। जानकारी के अनुसार लगभग 4 माह पूर्व टंकी निर्माण के लिए गड्ढा खोदा गया था, लेकिन अभी तक वहां पर कार्य नहीं हुआ है, जहां पर हमेशा हादसे का भय बना रहता है। क्योंकि सड़क किनारे यह गड्ढा स्थित है, यहां पर रहवासी क्षेत्र भी है, बच्चे भी यहां से गुजरते हैं। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जिम्मेदारों को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

### टंकी निर्माण में आ रही आपत्ति

ठेकेदार द्वारा इंजीनियर से कराए गए सर्वे के आधार पर यह जगह चयनित की गई थी, उसी के आधार पर पंचायत द्वारा टंकी निर्माण के लिए सहमति दी गई है, लेकिन यहां पर टंकी बनाने को लेकर कुछ आपत्तियां आ रही है, वरिष्ठों को अवगत करा दिया गया है, टंकी निर्माण की जिम्मेदारी पीएचई विभाग की है।

**ओमप्रकाश सारण,** सचिव कमलापुर

### लोगों ने ठेकेदार से किया दुर्व्यवहार

पंचायत व्दारा जहां पर जगह निर्धारित कि गई है, वहां पर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, लेकिन कुछ लोगों द्वारा ठेकेदार के लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया गया था, एवं निर्माण कार्य में आपत्ति ली गई, जिसके कारण कार्य बंद है, पंचायत जहां जगह बताएंगी वहां निर्माण कार्य कर दिया जाएगा।

**हेमंत सेठी,** एसडीओ पीएचई विभाग बागली

# परिवहन विभाग अमले ने कार्रवाई कर वसूला जुर्माना

मोटरयान कर बकाया, जब्त किया वाहन




**देवास।** परिवन विभाग ने चलाया चैकिंग अभियान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में परिवहन विभाग के दल द्वारा यात्री वाहनों के विरूद्ध विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान में देवास के भोपाल एवं मक्सी मार्ग पर पर यात्री बसों की चैकिंग कार्यवाही की गई है। जिला परिवहन अधिकारी जया वसावा, यातायात थाना प्रभारी पवन बागड़ी तथा परिवहन दल के द्वारा मार्ग पर सघन जांच की जाकर लगभग 35 यात्री बसों को चैक किया गया। जिसमें दो यात्री बसों को बिना परमिट संचालन के अपराध में जप्त किया जाकर अभिरक्षा में लिया गया। एक यात्री बस पर लगभग 52000 रुपए मोटरयान कर बकाया होने के कारण जप्त कर अभिरक्षा में लिया गया है। वहीं 01 स्कूल बस फिटनेस प्रमाण पत्र माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाईड लाईन के अनुरूप नहीं पाए जाने पर निरस्त किया गया। साथ ही तीन मैजिक वाहन भी बगैर दस्तावेजों के संचालित होती पाई जाने पर जप्त कर अभिरक्षा में ली गई है। अन्य वाहनों के विरूद्ध भी चालानी कार्यवाही कर 16000 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। यात्री वाहनों के विरूद्ध चैंकिंग अभियान निरन्तर जारी रहेगा ।

## जिला अस्पताल में इंटरनेट बंद होने से जांच हुई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला अस्पताल में जिलेभर से मरीज उपचार के लिए आते हैं। सरकार भी मरीजों के उपचार के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। इसके बावजूद यहां कई तरह की अनियमितता सामने आ रही है। हालत तो यह है कि इंटरनेट के बंद होने से विभिन्न प्रकार की जांच तक प्रभावित हो रही है। मरीज जांच रिपोर्ट के लिए कई घंटे तक परेशान होते रहते हैं।शनिवार को नगर जनहित सुरक्षा समिति के अनिलसिंह बैस को जिला अस्पताल में जांच नहीं होने संबंधी शिकायत मिली। वे पहुंचे तो पता चला कि इंटरनेट बंद होने से जांच नहीं हो रही है। जांच रिपोर्ट भी नहीं जनरेट हो पा रही है।

## श्री खाटू श्याम सेवा समिति ने सामूहिक सुंदरकांड पाठ का किया आयोजन

**देवास।** श्री खाटू श्याम सेवा समिति देवास के तत्वधान में मां चामुड़ा एवम मां तुलजा भवानी की पावन धरा पर अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि पर अराध्य देव श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अतिथि संत महात्माओं के सानिध्य में भजन गायक द्वारका मंत्री एवं साथियों द्वारा संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का भव्य आयोजन 20 जनवरी 2024 शनिवार को रात्रि 7.11बजे से श्री श्याम वाटिका कालानी बाग सेक्टर ए रखा गया है। इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने के इस स्वर्णीय अवसर पर आप सभी भक्तजनों को यह अवसर मिल रहा है, आप सभी की उपस्थिति इस को कार्यक्रम भव्यता प्रदान करेगी। समिति के अध्यक्ष प्रदीप महेश्वरी एवं सचिव जेपी शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि रात्रि 7.11 बजे से हनुमान चालीसा एवं 9 बजे से 11.30 तक सामूहिक सुंदरकांड का वाचन होगा। रात्रि 12 बजे 1111 दीप उत्सव मनाया जाएगां।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का तीन दिवसीय शिविर संपन्न, शामिल हुए 100 से अधिक स्वयंसेवक, सीखे योगासान व प्राणायाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

उत्तम स्वामी धाम आश्रम स्लकनपुर में शुक्रवार 29 तारीख से चल रहा था।जिसमें रेहटी तहसील के 104 गांव से नए एवं पुराने स्वयंसेवक एकत्रित हुए,इस शीत शिविर में शारीरिक एवं बौद्धिक प्रधान कार्यक्रम संपन्न हुए योग प्राणायाम आसन नियुद्ध सभी शिक्षार्थियों को सिखाए गए संघ के अलग-अलग अधिकारियों का बौद्धिक मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ इस शीत शिविर में रहटी खंड के 100 से अधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे जिसमें कम आयु वर्ग से लेकर बड़ी आयु वर्ग तक के कार्यकर्ता सम्मिलित थे।आज दिनांक 31 को इस शिविर के शिक्षार्थियों द्वारा सम्मारोप कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें 3 दिन से प्रशिक्षण प्राप्त स्वयंसेवकों ने योग,प्राणायाम व्यायाम योग ,नियुद्ध एवं विभिन्न तरह खेलों का प्रदर्शन किया गया इस समारोप को देखने के लिए रहटी से समाज के वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित रहे, समरूप कार्यक्रम में रेहटी खंड के संघचालक सचिन महेश्वरी एवं बुधनी जिले के से जिला कार्यवाह नीरज त्रिपाठी मुख्य अतिथि रहे मुख्य वक्ता नीरज त्रिपाठी ने शीत शिविर की संकल्पना एवं उसके भाव को प्रकट किया उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम एवं पद्धति आज से नहीं अपितु संघ की स्थापना के बाद से ही अनवरत चल रही है संघ समाज के लिए ही कार्य करता है तो, समाज के सामने ही प्रकटीकरण करेगा एवं आए हुए शिक्षार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## विश्व हास्य योग महासंघ ने लगाया हास्य शिविर, हंस-हंस कर पेट मे पड़े बल, सीखा जिंदगी में कैसे रहा जाए खुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





कहते है कि अच्छे स्वास्थ्य के लिये हंसना जरुरी है ... ऐसे में आज कल के तनावपूर्ण जीवन में अगर हंसकर जिंदगी जीनी आ गई तो बड़े से बड़े कष्ट भी जीवन को छू कर निकल जाते है .... इसी तर्ज पर इंदौर के विश्व हास्य योग महासंघ द्वारा सीहोर में हास्य योग का अनूठा शिविर स्थानीय स्वामी नारायण मंदिर परिसर में लगाया गया ...जहां इसमें शामिल हर वर्ग के लोगो के हंस हंस कर पेट मे बल पड़ गए ... दरअसल सीहोर के गिरीराज मित्र मण्डल , द ग्रेन मर्चेंट व्यापार महासंघ , चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति , माधव महाकाल आरोग्य आश्रम , वेदिका गौशाला , गायत्री शक्तिपीठ , गीता मानस मंदिर समिति , पिपलेश्वर महादेव मंदिर समिति ,गुप्तेश्वर महादेव , लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय हास्य योग शिविर का अनूठा आयोजन किया गया । इस शिविर में इन्दौर विश्व हास्य योग महासंघ के सदस्यों ने आज के तनाव भरे जीवन मे हास्य के महत्त्व को समझाते हुए जीवन मे हंसना सिखाया ... दैनिक जीवन मे हास्य योग के अनूठे टिप्स भी बताए और हर रोज अपने जीवन मे कम से कम 5 मिनिट हंसने से होने वाले फायदे बताए। शिविर में 90 वर्ष के विश्व हास्य- योग महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष ओमप्रकाश जी गुप्ता ने , 80 साल के कैलाश खंडेलवाल , 70 साल के कवि जनार्दन शर्मा और मालवी भाषा की सुप्रसिद्ध हास्य कलाकार ₹मालवी काकी₹ श्रीमति सुनीता कुमावत ने अनूठे अंदाज में हास्य योग की प्रस्तुति कर सभी को हंसा हंसा कर लोटपोट कर दिया ... इसके साथ ही सरदार वीरजी छाबड़ा ने इस मौके पर हास्य योग के साथ राष्ट्रीय गीतों पर भाव विभोर कर देने वाली




प्रस्तुतियो से सबका मन मोह लिया।

इंदौर के प्रसिद्ध सूर्य चिकित्सा विशेषज्ञ दिनेश माखिजा ने उपस्थित नागरिकों को मंत्र के साथ सूर्य चिकित्सा आधारित योग का प्रशिक्षण दिया। इसके पहले अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की । अतिथियों का स्वागत प्रदीप साबू , मनोहर राय , हरीश राठोर , अंकुर राठोर , पंकज गुप्ता , प्रणव साबू , सुरेश साबू , श्रीमती शोभा चंडाक , श्रीमती प्रभा राठोर , बृजमोहन सोनी , ब्रजेश पाराशर ने किया । आयोजक संस्था की और से विश्व हास्य- योग महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने , अध्यक्ष कैलाश खंडेलवाल , कवि जनार्दन शर्मा और मालवी भाषा की सुप्रसिद्ध हास्य कलाकार ₹मालवी काकी₹ श्रीमति सुनीता , सरदार वीरजी छाबड़ा , प्रसिद्ध सूर्य चिकित्सा विशेषज्ञ दिनेश माखिजा को उनकी अनुकरणीय सेवाओ के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इसके साथ ही विश्व हास्य- योग महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने प्रदीप साबू को अच्छे आयोजन के लिए सम्मानित किया और उन्हे सीहोर जिले के हास्य महासंघ का अध्यक्ष घोषित किया।

शहर के गंज स्थित राठौर धर्मशाला में पुरस्कार वितरण समारोह का किया गया आयोजन

# गरबा करने वाली 270 बालिकाओं को किया पुरस्कृत





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नवरात्रि के दौरान गरबा करने वाली बालिकाओं में नौ दिनों तक देवी का वास रहता है। जिस घर में बालिका होती है वह घर मंदिर से कम नहीं होता है।

मां की आराधना करने वाली और कार्यक्रम में शानदार कला का प्रदर्शन करने वाली हर बच्ची का सम्मान होना चाहिए। इसलिए हमारे द्वारा यह पहल की है। उक्त विचार शहर के गंज स्थित राठौर धर्मशाला में नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे।

नपाध्यक्ष राठौर ने शहर के विभिन्न दुर्गा स्थल पर गरबा करने वाली बच्चियों को पुरस्कार देने की नई पहल करते हुए मुख्य अतिथि राठौर समाज के अध्यक्ष सतीश राठौर सहित अन्य की उपस्थिति में करीब 270 से अधिक बालिकाओं को प्रशस्ति-पत्र, उपहार भेंट कर पुरस्कृत किया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गत नवरात्रि पर अनेक बालिकाओं ने गरबे की प्रस्तुति दी थी, उनके सम्मान की अनूठी पहल करते हुए नपाध्यक्ष श्री राठौर ने शहर के सभी गरबा मंडलों को रविवार को गंज स्थित राठौर धर्मशाला में आमंत्रित कर बालिकाओं को प्रशस्ति-पत्र, उपहार भेंट कर पुरस्कृत किया। इसके अलावा गरबा मंडलों के संचालकों को सम्मान भी किया गया। इस मौके पर वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद प्रतिनिधि अर्जुन राठौर, वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद संतोष शाक्य, पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम यादव, पार्षद विवेक राठौर, पार्षद कमलेश राठौर, लोकेन्द्र वर्मा, त्रिलोकचंद्र, गोविन्द राठौर, नीरज राठौर, प्रशांत, दीपक, प्रवेश और प्रतीक्षा शर्मा आदि शामिल थे।

## साल के आखिरी दिन भी शीत लहर की चपेट में रहा जिला

आगामी दो दिन बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



साल के अंतिम दिन सीहोर में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि आगामी दो दिनों में मौसम का मिजाज बदल सकता है। उसके बाद कड़ाके की ठंड का दौर शुरू होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार रविवार को साल का अंतिम दिन है और आज भी सीहोर जिला शीतलहर की चपेट में रहा, सुबह जहां मैदानी इलाकों में घना कोहरा देखा गया। वहीं शहर में हल्का कोहरा काफी देर तक छाया रहा। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर एसएस तोमर ने बताया कि अब आसमान पर बादलों की आवाज आई शुरू हो गई है। जिसके कारण आगामी दो दिनों में बारिश होने की संभावना निर्मित हो रही है। आसमान से जब बादल हटेंगे तो आज से ही ठंड का दौर शुरू होगा। तब न्यूनतम तापमान एक बार फिर 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे जा सकता है।

### राजगढ़ से लेकर ब्यावरा हॉस्पिटल के हैं बुरे हाल, मरीजों को भगवान भरोसे छोड़ डॉक्टर गए छुट्टियों पर

# रेफर की गई प्रसूता ने खोया 9 माह पाला हुआ लाड़ला मुख्यालय से लेकर सिविल हॉस्पिटल में नहीं गायनिक







हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

इसको मिस मैनेजमेंट कहें या डॉक्टर की मनमानी जो मरीजों को भगवान भरोसे छोड़ छुट्टियों पर चले जाते हैं। माना की छुट्टी लेना अधिकार है तो फिर मरीजों के लिए अल्टरनेट डॉक्टर की व्यवस्था भी जो जरूरी होना चाहिए, जिससे किसी एमरजेंसी में किसी को अपना लाड़ला न खोना पड़े। हालात यह है कि जिला मुख्यालय पर कोई गायनिक मौजूद नहीं है। यही हाल ब्यावरा सिविल हॉस्पिटल के हैं, जहां पर एक ही गायनिक है जो पिछले 15 दिनों में अधिकतर छुट्टी पर ही नजर आए। ऐसे में जिला मुख्यालय से लेकर ब्यावरा तक प्रसूताएं भगवान भरोसे हैं और जिम्मेदार सिर्फ नवजातों की मौत का नजारा देख रहे हैं।

#### 5 बजे किया एडमिट, 10 बजे सुल्तानिया रेफर, खो दिया नवजात

इसको विडम्बना ही कहेंगें कि खेरखेड़ी गांव की रहने वाली भूरी बाई पति लाल सिंह ने पूरे प्रसव के दौरान डॉ पूजा तिवारी के मार्गदर्शन में अपना इलाज करवाया, परंतु जब 9 माह से भी ज्यादा दिन निकल गए तो परिजनों की चिंता बढ़ गई और उन्होंने कई बार डॉ पूजा तिवारी को बताया परंतु वह नॉर्मल डिलेवरी का बोलती रहीं। फिर शुक्रवार को जब प्रसूता जिला मुख्यालय पहुंची तो उसे भर्ती कर लिया गया, परंतु पता चला की डॉ पूजा तो छुट्टी पर है और कोई दूसरा गायनिक भी मौजूद नहीं है। कॉम्प्लीकेशन को देखते हुए ऐसे में शुक्रवार की रात 10 बजे उसे भोपाल सुल्तानिया भोपाल रेफर कर दिया गया। परंतु 2 बजकर 30 मिनट पर भोपाल हॉस्पिटल तो पहुंचे परंतु जब तक बहुत देर हो चुकी थी। भूरीबाई अपने 9 महीने के लालन-पालन के बाद अपने लाड़ले को खो चुकी थी।

#### ब्यावरा में भी पिछले 17 दिनों में नहीं हुआ प्रसूता का ऑपरेशन

इसको को-इंन्सीडेंट ही मान सकते हैं कि जब शहर में 2 गायनिक थे तो 40 दिन में 29 ऑपरेशन तक हुए परंतु जैसे ही डॉ मोनिका जैन को राजगढ़ अटैचमेंट का बोला गया तो 13 दिसंबर के बाद से 30 दिसंबर तक किसी भी प्रसूता का ऑपरेशन नहीं हुआ। हॉस्पिटल में अकेले गायनिक डॉ आरके जैन 17 दिनों में अधिकतर छुट्टी पर ही रहे हैं। अब सीएमएचओ और सिविल सर्जन इसको किस रूप में लेते हैं यह देखने वाली बात है।

**इनका कहना है...**

हां डॉ जैन अभी भी छुट्टी पर हैं। शायद 17 दिनों में कोई ऑपरेशन जैसी स्थिती बनी ही नहीं होगी, इसलिए ऑपरेशन नहीं हुए।

**डॉ शोरेन दत्ता,** बीएमओ ब्यावरा

### अक्सर चोटिल हो रहे छात्र

## करोड़ों के कॉलेज भवन बनवाए लेकिन बदत्तर हाल में पहुंच मार्ग



**राजगढ़।** विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त करते हुए शसन ने राजगढ़ मुख्यालय पर व्यवसायिक महाविद्यालय एवं आदर्श महाविद्यालय का निर्माण करवाया गया है। इन दोनों ही महाविद्यालयों की लागत करोड़ों रुपए में है। स्थानीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पीछे बगा रोड पर बनाए गए इन महाविद्यालयों के निर्माण के समय अधिकारियों की अदूरदर्षिता के चलते महाविद्यालयों की एप्रोच रोड का स्टीमेट नहीं बनाया गया। ऐसे में दोनों ही कॉलेज भवनों का पहुंच मार्ग बेहद बदहाल हालत में है। आलम यह है कि पहुंच मार्ग पर मोटे-मोटे बोल्डर, पत्थरों के कारण कई बार बाइक सवार विद्यार्थी दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। मार्ग पर बड़े-बड़े पत्थर पड़े रहने के कारण वाहनों समेत पैदल चलने वालों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

#### बारिश के दिनों में भी परेशानी

मार्ग की खस्ता हालत के कारण आमदिनों के साथ ही बारिश के दिनों में ज्यादा फजीहत होती है। यह पूरा मार्ग लाल मिट्टी के कारण कीचड़ से पूरी तरह लबरेज हो जाता है। कीचड़ से सने मार्ग पर बाइक समेत अन्य वाहन नहीं निकल पाते हैं।

**इनका कहना है...**

पहुंच मार्ग के लिए हमने रिवाइज्ड इस्टीमेट भिजवाया था। उसमें कुछ क्वायरीज ऊपर से आई है, जिन्हें जल्द पूरा कर हम भिजवा रहे हैं।

**- धमेंद्र जायसवाल,** संभागीय परियोजना यंत्री, पीआईयू

## विंध्याचल डिस्टलरी से निकल रहे वेस्ट से नगरवासी हो रहे परेशान

### फैक्ट्री अधिकारी ने साधी चुप्पी, आबकारी अधिकारी बोले दिखवाते हैं






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा - पीलूखेड़ी

पीलूखेड़ी में स्थित विंध्याचल डिस्टलरी से निकलने वाले केमिकल वेस्ट से नगरवासियों को बदबू को सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार फेक्टी द्वारा केमिकल वेस्ट को बेचा जाता है जिसे ले जाने वाले ट्रक आए दिन पीलूखेडी में हाइवे के अंडर ब्रिज के नीचे खड़े मिल जाएंगे। जिसमें से कंपनी का वेस्ट मेटेरियल वहता रहता है और सड़कों पर फैलता यह वेस्ट कितना हानिकारक होगा यह तो जांच का विषय है। परंतु अभी कुछ दिन पहले ही इसी कंपनी के वेस्ट को खाने के बाद गाय की मौत का मामला गरमाया था। ऐसे में आबकारी अधिकारी लखनलाल ठाकुर ने कंपनी से निकलने वाले वेस्ट की जांच कराने की बात कहीं है। वहीं कंपनी जायसवाल से मामले की जानकारी के लिए फोन लगाया परंतु वह इसके बारे में जानकारी नहीं दे पाए।

### आरोपियों से चोरी की राशि की बरामद

## मंडावर हनुमान मंदिर में हुई चोरी के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

करीब एक पखवाड़े पूर्व बोड़ा थानाक्षेत्र के मंडावर स्थित हनुमानजी के मंदिर में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोर यहां से दानपेटी का ताला तोड़कर दानराशि सहित अन्य सामान चुरा ले गए थे। पुलिस ने अपने मुखबिर तंत्र एवं सायबर टीम के सहयोग से इस चोरी का पर्दाफाश कर दिया है।

बोड़ा थाना प्रभारी रामकुमार भगत ने बताया कि चोरी की पतारसी के लिए एक टीम गठित करते हुए मुखबिरों को सक्रिय किया गया। सायबर टीम के तकनीकी साक्ष्यों की मदद से मालूम हुआ कि यह चोरी तीन चोरों ने मिलकर की थी जिनमें मुकेश कंजर निवासी नई दिल्ली, श्याम कुमार निवासी मोहम्मदपुर एवं कैलाश दर्जी निवासी मंडावर शामिल हैं। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से चोरी की राशि बरामद कर ली है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में टीआई भगत सहित सउनि मांगीलाल शिवहरे, देवेंद्र दांगी, पीयूष, प्रदीप, धर्मेंद्र शर्मा, कुलदीप कुंभकार, जयप्रकाश आदि का योगदान रहा।

## रात में बगैर सूचना दिए अचानक थानों के निरीक्षण पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक

### कुरावर और नरसिंहगढ़ थानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अगर किसी दफ्तर की व्यवस्थाओं, गतिविधियों आदि बेहतर आंकलन करना हो तो बगैर सूचना दिए औचक निरीक्षण सबसे बेहतर तरीका रहता है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा द्वारा इन दिनों अचानक जिले के थानों का निरीक्षण किया जा रहा है। एसपी मीणा शुक्रवार रात्रि अचानक कुरावर और नरसिंहगढ़ थानों के निरीक्षण पर पहुंच गए।

इस दौरान उन्होंने नरसिंहगढ़ थाने के रिकार्ड रूम, उपस्थिति रजिस्टर, मालखाना, हवालात, सीसीटीव्ही रूम, महिला डेस्क सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने थाने का रिकार्ड अद्यतन रखने एवं हवालात में पर्याप्त रोशनी एवं साफ-सफाई के निर्देष प्रदान किए। नरसिंहगढ़ से गश्त करते हुए मीणा कुरावर



थाने पहुंचे और वहां की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शहर में घूमकर रात्रि गश्त में लगे जवानों को भी चेक किया कि वे जिम्मेदारी से ड्यूटी कर रहे हैं या नहीं। थानों के बाद उन्होंने हाईवे गश्त प्वाइंट में लगे कर्मचारियों को चेक किया।

## पुणे से अयोध्या पद यात्री से आत्मीय भेंट



**चांचौड़ा।** 10 दिसम्बर को छत्रपति शिवाजी महाराज के दर्शन उपरांत शिवनेरी पुणे से श्रीधाम अयोध्या तक 1500किलोमीटर की पद यात्रा पर निकले बसंत रावते 30 दिसम्बर को 800किलोमीटर की दूरी तय कर प्रातः बीनागंज पहुंचे । यहां मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों से उनकी आत्मीय भेट हुईं। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना से बताया कि श्री बसंत रावते की यह यात्रा धार्मिक होने के आलावा पर्यावरण बचाने का संदेश भी दे रही हैं। श्री रावते से भेंट कर उनका स्वागत करने बालो में जयप्रकाश शर्मा, अजय कुमार श्रीवास्तव, गोविन्द सिंह मीना आदि सम्मिलित रहे।

## नवोदय विद्यालय अरनियाकला में विदाई समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

जवाहर नवोदय विद्यालय अरनिया कला में शनिवार को प्राचार्य उषा सिंह सागर का विदाई समारोह भावपूर्ण वातावरण में गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय राजगढ़ के प्राचार्य गिरीश सक्सेना सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं नवोदय विद्यालय अरनियाकला स्टाफ़ के सभी सदस्य तथा बच्चे सम्मिलित हुए। जानकारी देते हुए उप प्राचार्य गौरी कुमारी राउत ने बताया कि सागर मैडम ने नवोदय विद्यालय समिति में सन 1990 से आज तक लगातार 33वर्षों तक का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण किया है।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न पदों पर निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए अनेक नवोदय विद्यालयों में अपनी प्रतिभा एवं नेतृत्व क्षमता के द्वारा श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम एवं अनुशासन के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया। नवोदय समिति के भोपाल संभाग की सहायक



आयुक्त श्रीमती गीतिका शर्मा ने इस कार्यक्रम में वर्चुअली रूप से शामिल होकर सागर मैडम के उत्तम कार्यकाल एवं सौम्य व्यक्तित्व की सराहना कर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

उल्लेखनीय है कि उषा सिंह सागर ने पीजीटी हिंदी के रूप में शुरुआत कर नवोदय विद्यालय रतलाम, राजगढ़ एवं शाजापुर में प्राचार्य पद का कुशलता पूर्वक निर्वहन किया.उन्हें एक मृदुभाषी, शिष्ट, मिलनसार, दृढ संकल्पित एवं कुशल नेत्री के रूप में जाना जाता रहा है। प्राचार्य गिरीश सक्सेना ने उज्जैन क्लस्टर एवं जनवि राजगढ़ की ओर से शाल श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर मैडम का स्वागत किया। वहीं जनवि अरनियाकला के समस्त स्टाफ़ की ओर से भी श्रीमती सागर का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह द्वारा अभिनंदन किया गया। श्रीमती सागर ने उद्बोधन में अपने कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया तथा बच्चों को आगामी जीवन में सफल होकर श्रेष्ठ परिणाम देने के लिए शुभकामनाएं दीं।

### बगैर फॉलोवाहन के पहुंचे थे मंत्री

## मंत्री बनकर पहली बार राजगढ़ पहुंचे नारायण सिंह ने की अंजनीलाल की पूजा



**राजगढ़।** ब्यावरा विधायक एवं मप्र शासन के राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार मंत्री बनने के बाद शुक्रवार रात्रि अचानक राजगढ़ पहुंचे। वे सारंगपुर में मंत्री टेटवाल के स्वागत समारोह से लौट रहे थे। वहां से लौटकर वे पहले जालपा शक्तिपीठ पहुंचे और माता की पूजा-अर्चना की।

इसके उपरान्त राजगढ़ पहुंचकर पंवार बाइपास रोड स्थित अंजनीलाल धाम मंदिर पहुंचे जहां पूजन-अर्चन उपरान्त मंदिर समिति के पदाधिकारियों से चर्चा की। पंवार यहां बगैर फॉलोवाहन के पहुंचे थे। उन्होंने मंदिर परिसर में हो रहे विकास कार्यों को देखा और जरूरत लगने पर आवष्यक सहयोग का आश्वासन समिति पदाधिकारियों को दिया। समिति के प्रताप सिंह सिसोदिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें मंदिर में चलने वाली गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर रामनारायण सौंधिया, पूर्व नपाध्यक्ष बृज चौरसिया, शिवसिंह बामलाबे, राधेश्याम चौहान, टिल्लू विजयवर्गीय, गौरव चौरसिया सहित मंदिर के पुजारी प्रेम बैरागी सहित अन्य उपस्थित थे।

## कंबल वितरण अभियान का समापन




**सारंगपुर।** मानवता परमो धर्म को आधार मानकर कई मानवीय एवं लोक कल्याणकारी गतिविधियों नगर के लायंस क्लब द्वारा समय-समय पर संचालित की जा रही है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए हाल ही में कड़कड़ाती ठंड के प्रकोप से गरीब समुदाय के लोगों को बचाने के लिए सारंगपुर नगर के लायंस क्लब द्वारा तीन दिवसीय अभियान चलाया गया। जिसमें जरूरतमंद लोगों को उनके निज निवास पर जाकर संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा कंबल वितरित किए गए।

इस अभियान में भिन्न-भिन्न स्थानों पर कंबल प्राप्त कर क्लब की इस गतिविधि की सराहनीय पहल की बहुत सराहना की और मौजूदा अधिकारी एवं सदस्यों को बहुत-बहुत धन्यवाद देकर शुभकामनाएं दीं। उक्त अभियान के समापन पर नगर के कॉलेज के पास मौजूद गरीब बस्ती में जरूरतमंद को उनके घर जाकर लगभग 50 कंबल वितरित किए गए। उक्त जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष ला नितिन परिहार के मानवतावाद पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि मानवतावाद मानव जीवन के मूल्य में एक सक्रिय विश्वास है जिसके द्वारा मनुष्य परोपकारी व्यवहार करते हैं और नैतिक काम परोपकारी और तार्किक कर्म से मानवता की स्थितियों में सुधार करने के लिए अन्य मनुष्यों को सहायता प्रदान करते हैं। इस अवसर पर महेश शर्मा, मोहम्मद मंसूरी, राजेश श्रीमाल, प्रदीप जोशी, विनय मकोडिया, प्रदीप चौहान उपस्थित थे।

### खिलचीपुर और जीरापुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया आयोजन

# तेज गति से करेंगे नगर का विकास : विधायक दांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर-जीरापुर

नगर के बस स्टैंड को आधुनिक बनाया जाएगा, नदी का सौंदर्यकरण किया जाएगा। खिलचीपुर को विकसित नगर बनाया जाएगा। उक्त उद्गार विकसित भारत संकल्प यात्रा में नगर परिषद द्वारा बस स्टैंड पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक हजारीलाल दांगी ने व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिकों को मकान के पट्टे के साथ ही पीएम आवास दिलाकर किसी को भी कच्चे मकान में नहीं रहने दूंगा। विधायक दांगी ने सभी पार्षद से अपने अपने वार्ड में घूमकर लोगों को शासन की योजना का लाभ दिलाने की अपील की। विधायक दांगी ने कहा लाड़ली बहना योजना से छूट गई महिलाओं के लिए पोर्टल जल्द ही शुरू होगी। दांगी ने खिलचीपुर एसडीएम की कार्यक्रमों में गेर मौजूदगी पर नाराजी जाहिर करते कहा कि ऐसे आधिकारी कर्मचारी मेरी विधानसभा क्षेत्र में नही चलेंगे।

इस मौके पर विधायक हजारीलाल दांगी ने मौके पर ही 36 उज्वला योजना के निशुल्क गैस कनेक्शन, पात्रता पर्ची 5 बीपीएल कूपन 3, पीएम स्वानिधि के 14 लोगों को 4 लाख 80 हजार रुपए के स्वीकृति पत्र सहित आयुष्मान भारत योजना के



2600 कार्ड आए, जिसमे से 5 कार्ड मौके पर हितग्राही को वितरित किए

#### अटल चौक में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया

नगर परिषद द्वारा अटल चौक में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासन निर्देशानुसार वर्तमान में पूरे प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए आम नागरिकों को शासन की योजनाओं से अवगत करवा कर लाभांवित हितग्राहियों की जानकारी प्रदान कर शासन की विभिन्न योजनाओं में लाभ लेने से वंचित लोगों के आवेदन लेकर उनका पंजीयन कर पात्र लोगों को योजनाओं का त्वरित लाभ दिया जा रहा है। नगर परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी व बड़ी संख्या में नागरिक गण, महिलाएं उपस्थित रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी सहित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर शुभारंभ किया गया।

इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा निकाय क्षेत्र के प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री संबल योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना व अन्य योजनाओं के लाभांवित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र और गैस चूल्हे हितलाभ वितरण किये गये। तत्पश्चात मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा अपने उद्बोधन में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं व देश व प्रदेश में विभिन्न योजना में लाभान्वित लोगों की जानकारी प्रदान की और अधिकारियों व कर्मचारियों को योजनाओं के लाभ लेने से वंचित न हो ।लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए गए। सभी अधिकारी कर्मचारी और नागरिकों को सन 2047 तक भारत देश को विकसित भारत बनाने में पूर्ण सहयोग देने का संकल्प दिलवाया गया।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता के लिए किए जा रहे नवाचार




**आष्टा।** नगर पालिका आष्टा द्वारा पिछले कहीं वर्षों से लगातार स्वच्छता नवाचार के नए-नए तरीकों से नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है नगर पालिका आष्टा शहर में कचरे को कम करने के लिए नगर पालिका के टीम नागरिकों से घर-घर जाकर जागरुक कर स्वच्छता नवाचार को बढ़ाया जा रहा है वही स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर श्री रायसिंह मेवाड़ा जी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री राजेश सक्सेना जी और संस्था एवीएस कंसलटेंसी सर्विसेज टीम के द्वारा नगर में पुरानी वस्तुओ को पुनः उपयोग में लाने के लिए नगर वासियों को समझाया की आप अपने घर पर जो वस्तूए बेकार हो या पुरानी हो गई है उसको दुबारा उपयोग में लाया जा सकता है। इस दौरान ज्ञानसिंह बामनिया, योगी सक्सेना,ऋतु सक्सेना, राज ठाकुर, रामेश्वर, कल्ला भाई, मुशर्रफ, उबेश, ताहिर, जमीर, अंकित, ज़मीर कुरैशी आदि उपस्थित थे।

### जेडी किड्स में हुआ बाल मेले का आयोजन

**आष्टा।** नगर के जेडी किड्स एकेडमी स्कूल मे नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य मे बाल मेले का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ श्री मेवाड़ा द्वारा किया गया। बाल मेले मे विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनो जे स्टाल बनाये गए, जिनका अतिथियों सहित अभिभावको एवं विद्यालय परिवार द्वारा लुत्फ़ उठाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न तरह के खेलो की प्रतियोगिता का आयोजन भी संपन्न हुआ. कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रायसिंह मेवाड़ा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुवे कहा कि जीतने वाले अलग चीज नहीं करते है, वे चीजों को अलग ढंग से करते हैं। और क्या फर्क होता है एक टॉपर और एवरेस्ट स्टूडेंट में। की टॉपर कभी भी रठता नहीं है, वे हमेशा चीजों को समझता है, वे कांसेप्ट को समझता है, उनको प्रैक्टिकल में अप्लाई करता है। और इसलिए उनने कोई चीज को भूलता नहीं है। जिसमें असफलता के डर से कुछ नया करने की कोशिश नहीं की, वे व्यक्ति कभी जिंदगी में सफल या महान नहीं बन सकता। जेडी किड्स एकेडमी स्कूल हुए बाल मेले के अवसर पर बड़ी संख्या मे विद्यार्थीगण, शिक्षकगण मौजूद थे।

गुना में बस हादसे के बाद जागा जिला प्रशासन और पुलिस अमला

# अमले ने कई बसों को किया चेक, दो को जब्त कर 10 के बनाए चालान

**हादसे के बाद बस में आग लगने पर एक दर्जन से अधिक लोग जिंदा जलकर मौत के मुंह में समा गए थे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



बुधवार की रात गुना में बस में आग लगने पर एक दर्जन से अधिक लोग जिंदा जलकर मौत के मुंह में समा गए। इसके बाद मुख्यमंत्री कार्यालय से त्वरित आदेश जारी किए गए कि हर जिले में सभी बसों की जांच हो। शुक्रवार 29 दिसंबर की शाम को एसडीएम आनंद सिंह राजावत, सहायक कलेक्टर तहसीलदार अर्पित गुप्ता, एसडीओपी आकाश अमलकर, नगर निरीक्षक पुष्पेंद्रसिंह राठौर पुलिस अमले को लेकर भोपाल नाका उत्कृष्ट विद्यालय के समीप तथा बस स्टैंड परिसर के अंदर बसों की जांच कराई ,जिसमें किसी के पास परमिट नहीं होना तो किसी के पास कागज नहीं होना पाया गया। कुछ बस वालों के पास कागज नहीं थे तो ,कोई ड्रेस पहने हुए नहीं था। नंबर प्लेट नियम अनुसार नहीं थी। जिस पर पुलिस ने 10 बसों के चालान बनाकर 5000 का अर्थदंड किया तथा दो बस बिना परमिट की पाए जाने पर उन्हें जब्त किया गया।

### कुछ दिन बाद वापस पुराना ढर्रा

ऐसा हर बड़े हादसे के बाद देखने में आता है ।कोई भी कार्रवाई लगातार नहीं होती है ।बुधवार की रात गुना में बस में आग लगने पर एक दर्जन से ज्यादा लोग जिंदा जलकर मौत के मुंह में समा गए थे, इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने त्वरित आदेश जारी किया कि हर जिले में सभी बसों की जांच हो। शुक्रवार को एसडीएम आनंद सिंह राजावत, सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, एसडीओपी आकाश अमलकर ,नगर निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ यातायात अमलें तथा अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को लेकर बसों की जांच करने निकल पड़े और चेकिंग शुरू कर जुर्माने की कार्रवाई भी की गई ।खास बात यह है कि आरटीओ विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जांच के दौरान सिर्फ दो बसों में परमिट नहीं होना पाया गया। जिसके नंबर है एमपी 09 एफ ए 3144 एवं 3440 उक्त दोनों बसों को जब्त करके थाने पर खड़ा कराया गया ।प्रशासन को जांच के दौरान 10 बसे ऐसी मिली जिनमें यातायात नियम का पालन नहीं हो रहा था ।उन पर 5000 रुपए का अर्थदंड किया गया है। उक्त टीम ने बस के चालक को रोककर बस से उतारा और दस्तावेज देखे । साथ ही बसों में अग्निशमन यंत्र ,सीट, आपातकालीन दरवाजा व खिड़की सहित अन्य जांच पर ध्यान नहीं दिया गया ।अधिकांश बसों में अग्निशमन यंत्र नहीं था। चालानी कार्रवाई के बाद बस संचालकों को सभी जरूरी दस्तावेज पूर्ण रखने ,बसों को फिट रखने ,ओवरलोडिंग नहीं करने के निर्देश दिए गए।

### बिना परमिट के दौड़ रही हैं बसें

करीब 1 घंटे चले अभियान के दौरान 12 बसों में से दो बसें बिना परमिट के सड़कों पर दौड़ती हुई नजर आई। जबकि अगर हाईवे पर जांच की जाती तो अनेक बसें बगैर फिटनेस और बिना परमिट के दौड़ते हुए नजर आती। कई बसों में सुरक्षा मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है ।कई बसों के टायर पुराने होकर फूटने के कगार पर हैं ,तो कई बसों में आपातकालीन दरवाजा ही नहीं है ।सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन के नियम का पालन भी अधिकतर बस संचालक नहीं करते। त्यौहारी सीजन में हर बस ओवरलोड होकर चलती है ।साथ ही सवारी के चक्कर में बसों की रेस पर यातायात अमला भी रोक नहीं लगाता ।आरटीओ द्वारा हर बार हादसे के बाद कार्रवाई तो की जाती है लेकिन बसों में यात्रियों की जान की सुरक्षा इंतजामों पर अनदेखी की जाती है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बुरे हाल

ग्रामीण रोड पर चलने वाली अधिकांश बसों के भी खस्ता हाल है। लेकिन छोटा रूट होने के कारण आरटीओ और यातायात पुलिस द्वारा इन पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता ।इन रूटों पर कई मैजिक और वैन जैसे वाहनों में दिनभर ओवरलोडिंग के नजारे देखे जा सकते हैं ।साथ ही तेज गति के कारण हादसे का डर भी बना रहता है।

### दुर्घटना के यह हैं कारण

डंपर द्वारा अधिक एक्सीडेंट होते है क्यों की ड्राइवर मिलते नहीं है जो गांव में टैक्टर चलाते हैं उन्हें ड्राइवर बना कर कर बैठा देते हैं ।डंपर वाली बड़ी कंपनी होती है छोटे मोटे एक्सीडेंट होने पर ड्राइवर को वैसे ही छुड़ा लेते है इसलिए इनका दिमाग मोटा होता जाता है, एक्सीडेंट का डर नही होता।बड़ी कंपनी होने से ज़्यादा डंपर होने हिसाब किताब कोन रखे इसलिए ठेके पर ड्राइवर को ही डंपर देते है डीजल बचाने के लालच में ये निवटल कर डंपर चलाते जिससे घाटी पर डंपर तेज गति से दौड़ता है ,ब्रेक लगाने पर रुकता नही है। नागरिक आरटीओ से पूछना चाहते हैं कि किलिनर होना चाहिए कि नही, अधिकांश कार्मेशियल गाड़ी में नहीं मिल रहे हैं। जो लोग जिंदा जले उनकी कल्पना करो कैसी स्थिति रही होगी। प्राकर्तिक तोर पर कोई एक्सिडेंट हो तो समझ में आता है ये तो जैसे जान बुझ कर किया गया है। कलेक्टर को हटाने से कुछ नही होने वाला है किस माहौल में गाड़िया चल रही है ये रीति नीति बदलनी होगी। कोई अमला या आरटीओ हाइवे पर दस -बीस गाड़ियों को रोक कर उनके हाल चाल जाने। जब वास्तविकता सामने आएगी। आप रोज बस में यात्रा करते है क्या आपने आगे का टायर देखा है यदि वह गंजा है तो दूसरी बस का इंतजार कीजिए।

# लाभार्थियों को मिल रहा सम्मानः गोपाल इंजीनियर

**भारत संकल्प यात्रा का हो रहा आयोजन**



**आष्टा।** विधायक का कई ग्रामों में हो रहा तुलादान, मिल रहा जन समर्थन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अतंर्गत आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आरोलिया में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता के माध्यम से लोगों के बीच जन सेवा ही सच्ची राष्ट्र भक्ति है मेरा संकल्प और उद्देश्य आप लोगो के बीच रह कर समाजसेवा करना ही है ग्राम पंचायत लसुड़िया पार, खजुरिया कासम में फलों से तुलादान किया गया विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने सभी ग्रामीण जनों और प्रबुद्ध लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में कमी नही आने दुगा आपने मेरा नही भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान किया है। भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार की डबल इंजन सरकारों ने विकास कार्यों और योजनाओं में सभी वर्गो को ध्यान में रखकर अनेकों योजनाओं से लोगो को लाभान्वित किया है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण, मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी, देव तुल्य कार्यकर्त्ता, ग्रामीण जन युवा साथी मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

# बिजली कंपनी ने 450 से अधिक काटे कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शासन ने विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बिजली के बिल बकायादारों के स्थगित किए थे। चुनाव संपन्न होने के पश्चात इन बकायादारों से सख्ती के साथ वसूली करने के निर्देश जारी हुए ।विद्युत मंडल नित्य ही तीन से चार दर्जन विद्युत बकायादारों के विद्युत कनेक्शन विच्छेद कर रहा है। कुछ जगहों पर विद्युत कर्मचारियों को विद्युत कनेक्शन विच्छेद करना महंगा पड़ रहा है।

शुक्रवार को कसाईपुरा चौराहे पर जब एक बकायादार का विद्युत कनेक्शन विच्छेद किया गया तो उसने कर्मचारियों के साथ गाली गलौच कर अभद्र व्यवहार किया। स्थिति यह निर्मित हो गई थी कि बकायदार ने विद्युत कर्मचारियों को मौके से निकलने नहीं दिया तथा विद्युत कनेक्शन वापस जोड़ना पड़ा, कुछ बकाया राशि जमा भी करवाई गई है। उक्त व्यक्ति के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। शुक्रवार को 28 विद्युत कनेक्शन विच्छेद किए। अभी तक 450 से अधिक विद्युत कनेक्शन विच्छेद किए जा चुके हैं। विद्युत मंडल के उपमहाप्रबंधक अजय कुमार वाधवानी एवं कनिष्ठ यंत्री योगेश साहू ने बताया कि शासकीय में बाधा पहुंचने पर 29 दिसंबर को एफ आईआर दर्ज कराई गई है ।शासन के नियमानुसार विद्युत बिलों की बकाया राशि वसूली के दौरान आष्टा शहर के कसाईपुरा चौराहा पर जुबेर कुरैशी पिता शब्बीर कुरैशी उर्फ रज्जू कुरैशी एवं आशिक कुरैशी द्वारा बकाया राशि पर विद्युत लाइन काटने के दौरान विवाद किया एवं गाली –गलोच की गई , मौके पर बनाया गया विडिओ भी डिलीट कर दिया गया।

थाना आष्टा में धारा 294,353,506 -34 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। बिजली कंपनी द्वारा चुनाव से पूर्व बकाया बिजली के बिल स्थगित कर दिया गया था। चुनाव उपरांत सख्ती से बिजली कंपनी वसूली कर रही है। वही जो हमेशा रेगुलर बिजली बिल का भुगतान नहीं करते है उन्हें शासन माफ कर देता है। जबकि नियमित बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ता को कोई फायदा नहीं होता है। बिल वसूली न करने पर विभाग कर्मचारी, अधिकारी पर कार्यवाही करते है। आष्टा थाना प्रभारी द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले व्यक्ति पर सख्त कार्यवाही की गई ।

# सड़क निर्माण के चलते 15 दिन पहले तोड़े पुल का नहीं किया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

विगत दिनों से चल रहे रोड निर्माण कार्य के ठेकेदार द्वारा श्यामपुर स्थित श्री राम चौक पर पुल का निर्माण किया जा रहा है। जहां सर्विस रोड का निर्माण नहीं करते हुए पुल तोड़ दिया गया। जिससे आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है की मेन रोड भी गुणवता विहीन घटिया बनाया जा रहा है। जिसमे से जगह-जगह गिट्टिया निकलने लगी है। नागरिकों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा भारी अनियमित बरती जा रही है। पुल को तोड़े हुए 15 दिन हो चुके हैं, लेकिन ठेकेदार द्वारा कार्य बंद कर दिया गया है। इसी प्रकार पीडब्ल्यूडी द्वारा 2 करोड़ की लागत से पांच महा पूर्व बस स्टैंड से मंडी तक सीसी रोड का निर्माण कराया गया। उसमें जगह-जगह गिट्टी निकलना शुरू हो चुकी है। इसकी जांच की जाए व दोनो तरफ नाली निर्माण व फुटपाथ निर्माण भी कराया जाए।



अगर प्रशासन इस और ध्यान नहीं देता है तो ग्रामीण जन उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

### घटिया स्तर से हो रहा नाली का निर्माण

सीहोर से श्यामपुर रोड पर एमपीआरडीसी के द्वारा नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण में निम्न स्तर का मटेरियल प्रयोग किया जा रहा है। ठेकेदार ने कॉलोनी के



रास्ते में पाइप ना डालते हुए नाली के ऊपर लोकल छत डाल दी है जिससे भारी वाहनों से नाली टूट जाएगी ठेकेदार को नागरिकों को द्वारा बार-बार समझाने के बावजूद भी नाली में मनमानी तरीके से घटिया निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीण जनों का शासन से निवेदन है उचित जांच की जाए एवं घटिया निर्माण को रुकवाया जाए एवं दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप में मोनिका बरेठा ने जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

महाराणा प्रताप राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2023 का आयोजन राजस्थान के जयपुर शहर में हुआ। जयपुर के सवई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित हुई प्रतियोगिता में प्रदेश सहित सीहोर जिले के ग्राम अमलाहा की होनहार खिलाड़ी मोनिका बरेठा ने भी भाग लिया। जिसमें मोनिका बरेठा ने 57 किलो ग्राम में भाग लेकर रजत पदक जीता। मोनिका की इस उपलब्धी पर कोच सहित परिजन व मित्रों ने बधाई दी।



# हाई स्कूल में कक्षा एक और दो में पढ़ाने वाले शिक्षकों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

शासकीय हाई स्कूल जसमत में एफ एलएन कक्षा एक और दो में पाढ़ने वाले शिक्षकों का शैक्षिक संवाद करवाया गया। जिसमें निपुण भारत और श्रेष्ठ भारत की नई शिक्षा नीति पर चर्चा की गई। शैक्षिक संवाद में बीआरसी तरुण कुमार बैरागी, जन शिक्षा केंद्र प्रभारी मनोहर बडगूजर, सजन मालवीय, लाल सिंह मालवी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर शिक्षक दिलीप सिंह पचलासिया, राजेश उज्जवल, बाबूलाल पेरवाल, रामचंद्र योगी, कविता ठाकुर, राम बसिया, सावित्री राठौर आदि शिक्षक उपस्थित थे।



# विकसित भारत 2047 आइडिया पोर्टल को लेकर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय आष्टा में विकसित भारत 2047 आइडिया पोर्टल के संबंध में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकसित भारत/2047 फ्लेक्स पर अंकित क्यूआर कोड के माध्यम से प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों द्वारा सुझाव एवं अभिमत आइडिया पोर्टल पर दर्ज किए गए।

जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.पुष्पलता मिश्रा द्वारा सशक्त भारतीय, डॉ. रचना श्रीवास्तव अतिथि विद्वान रसायनशास्त्र द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिक, डॉ.ललिता राय श्रीवास्तव अतिथि विद्वान द्वारा सुशासन एवं सुरक्षा, डॉ. बेला सुराणा अतिथि विद्वान राजनीतिविज्ञान द्वारा विश्व में भारत विषय पर विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया एवं परिचर्चा की गई। आयोतित हुए कार्यक्रम में प्रभारी जितेन्द्र विश्वकर्मा अतिथि विद्वान कम्प्यूटर द्वारा विकसित भारत आइडिया पोर्टल पर सुझाव एवं अभिमत दर्ज करने की प्रक्रिया को ऑनलाईन के माध्यम से समझाया गया। इस कार्यक्रम महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें।




**विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने सेवदा स्कूल में विद्यार्थियों से की चर्चा**

# अच्छे अंक लाकर शासन की योजना का लाभ लेः राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सेवदा का निरीक्षण विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत द्वारा किया गया। प्रार्थना में सभी शिक्षक उपस्थित रहे, बच्चो की उपस्थिति भी संतोषजनक पाई गई, निदानात्मक कक्षाओं का संचालन नियमित किया जा रहा है, शाला में समस्त शैक्षणिक गतिविधि संपन्न करवाई जा रही हैं।छात्रों का स्तर बहुत ही अच्छा है, जिले से प्राप्त होने वाले हर विषय के दो प्रश्न को शिक्षक द्वारा नियमित हल करवाया जा रहा है।

शाला का रिकार्ड भी दुरुस्त पाया गया, शाला में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त पाई गई, वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत हेतु सभी छात्र -छात्राओं को टिप्स दिए गए। एक दिन पूर्व ग्राम भंवरा के हाई स्कूल में 11 शिक्षक समय पर नहीं आए थे। इस संबंध में प्राचार्य को निर्देशित किया कि शिक्षकों को समय पर स्कूल आने के संबंध में नोटिस जारी करें।



# डेस्क पर बैठकर पढ़ाई करेंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा विकासखंड के 175 माध्यमिक स्कूलों में से करीब 45 स्कूलों में बच्चे टाट पट्टी पर बैठकर पढ़ाई करते हैं एवं परीक्षा देते हैं ।राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा लिए गए निर्णय पर विकासखंड के ग्राम अरनियाराम एवं लोरासकला के माध्यमिक शाला को फर्नीचर उपलब्ध कराया जाएगा। इन दोनों स्कूलों के बच्चे अब टाट पट्टी पर बैठकर नहीं करेंगे पढ़ाई। समीपस्थ ग्राम अरनियाराम एवं लोरासकला के माध्यमिक स्कूल में टाट पट्टी पर बैठकर पढ़ाई करने वाले बच्चों को अब क्लास रूम में बैठने के लिए ड्यूल डेस्क उपलब्ध कराई जा रही है। इन दोनों स्कूलों को शीघ्र ही फर्नीचर से सुसज्जित किया जाएगा, ताकि बच्चों को प्राइवेट स्कूलों जैसा वातावरण महसूस हो सके। फर्नीचर उपलब्ध कराने का निर्णय राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा लिया गया है। वहीं लघु उद्योग निगम को इस फर्नीचर की आपूर्ति करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है ।विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र ने शिक्षा पोर्टल पर दर्ज छात्र संख्या के हिसाब से वर्तमान में आष्टा विकास खंड के 175 माध्यमिक शाला स्कूलों में से 45 में फर्नीचर नहीं था उनमें से दो स्कूलों अरनियाराम एवं लोरासकला को चयनित किया गया है ।जहां पर फर्नीचर प्रदान करने की व्यवस्था की है ।राज्य शिक्षा केंद्र ने इसके लिए राशि भी जारी कर दी है। सबसे पहले अधिक संख्या वाले स्कूलों को यह फर्नीचर उपलब्ध कराया जा रहा है ,इसके बाद घटते क्रम में कम संख्या वाले मिडिल स्कूलों को फर्नीचर उपलब्ध कराया जाएगा। इस राशि से उपलब्ध होने वाले ड्यूल डेस्क इन दोनों स्कूलों में वितरित किए जाएंगे। शेष बचे स्कूलों में आगामी दिनों में ड्यूल डेस्क उपलब्ध कराए जाएंगे । एक डेस्क में दो छात्र एक साथ बैठकर अध्ययन कर सकेंगे ।